7401-2 **Printed Pages : 4**

Degree (Part-II) (Vocational) Examination, 2020

(Composition)

HINDI COMPOSITION

[Paper Code : 7401-2]

[PPU-D-II(V) (COMP)-HIN(100M)]

Time : Three Hours] **[Maximum Marks : 100**

नोट : परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं। निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : [15×3=45]

(क) 'पुरुष और नारी' उपन्यास की कथावस्तु के आधार पर उसकी मूल संवेदना पर विचार कीजिए।

(ख) 'नाटक' के तत्वों के आधार पर 'नेत्रदान' की समीक्षा कीजिए।

(ग) 'ऊसर' एकांकी के केन्द्रीय विचार पर प्रकाश डालिए।

(घ) 'नये मेहमान' एकांकी की मूल समस्या पर विचार कीजिए।

(ङ) 'दोपहर का भोजन' कहानी की केन्द्रीय संवेदना को स्पष्ट कीजिए।

2. निम्नलिखित अवतरणों में से किन्हीं तीन की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : [10×3=30]

(क) दुनिया की रीत - निष्ठुर ..... निर्मम .... क्रूर। नहीं जानती कि जो मर जाती है, वह भी किसी की लड़की होती है, किसी के लाड़-प्यार में पली होती है।

(ख) मेरी समझ में तो यह पढ़ाई-लिखाई के जंजाल आते ही नहीं। अपना जमाना अच्छा था। 'आ-ई' पढ़ ली, गिनती सीख ली और बहुत हुआ तो 'स्त्री सुबोधिनी' पढ़ ली। सच पूछो तो स्त्री सुबोधिनी में ऐसी-ऐसी बातें लिखी हैं - ऐसी बातें कि क्या तुम्हारी बी.ए., एम.ए. की पढ़ाई में होगी।

(ग) वह मूर्ख था। परंतु उसका मन कहता था कि भैया मेरे साथ अन्याय कर रहे हैं, यदि श्रीकंठ उसे अकेले में बुलाकर दो-चार बातें कह देते, इतना ही नहीं, दो-चार तमाचे भी लगा देते तो कदाचित् उसे इतना दुख न होता।

(घ) आस-पास के घरों की खिड़कियाँ तब बन्द हो गयी थीं। जो लोग इस दृश्य के साक्षी थे, उन्होंने दरवाजे बन्द करके अपने को इस घटना के उत्तरदायित्व से मुक्त कर लिया था। बन्द खिड़कियों में भी उन्हें देर तक जुबैदा, किश्वर और सुल्ताना के चीखने की आवाजें सुनायी देती रहीं।

PPULearn.com

(ङ) गाँव वालों ने आज तक कोई ऐसी चीज नहीं खरीदी, जिसमें जलाने-बुझाने का झंझट हो। कहावत है न, भाई रे, गाय लूँ ? तो दुहे कौन ? लो मजा ! अब इस कल-कब्जे वाली चीज को कौन बाले !

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए : [5×3=15]

(क) 'पुरुष और नारी' उपन्यास की भाषा पर टिप्पणी लिखिए।

(ख) 'नेत्रदान' की संवाद योजना पर टिप्पणी कीजिए।

(ग) 'विक्रमादित्य' की ऐतिहासिकता पर टिप्पणी लिखिए।

(घ) 'नेहरू की वसीयत' का सारांश लिखिए।

(ङ) 'दो बाँके' का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।

4. निम्नलिखित **सभी** प्रश्नों के अत्यंत संक्षिप्त उत्तर दीजिए : [1×10=10]

(क) 'कानों में कंगना' कहानी के लेखक कौन हैं ?

(ख) रामवृक्ष बेनीपुरी की दो रचनाओं के नाम लिखिए।

(ग) 'तांबे के कीड़े' नाटक का रचनाकार कौन है ?

(घ) 'कोणार्क' किसका नाटक है ?

(ङ) 'विश्वनाथ' किस एकांकी का प्रमुख पात्र है ?

(च) 'रोशन' किस एकांकी का प्रमुख पात्र है ?

(छ) 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी में नौकर का क्या नाम है ?

(ज) 'दो बाँके' कहानी का रचनाकार कौन है ?

(झ) 'डिप्टी कलक्टरी' कहानी का रचयिता कौन है ?

(ञ) 'गोधन' किस कहानी का पात्र है ?

----- x -----

PPULearn.com